**समाचार**

# उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी. नगर जोनांतर्गत आयोजित सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे

**(शिविर में उद्योग मंत्री श्री देवांगन, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, प्र.आयुक्त श्री विनय मिश्रा, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की रही उपस्थिति)**




कोरबा 09 मई 2025 – उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन आज नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोन कार्यालय में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में पहुंचे। उन्होने शिविर का निरीक्षण किया, वहॉ पर स्थापित विभिन्न काउंटरों का अवलोकन करते हुए आमजन द्वारा समस्याओं, शिकायतों व मांग संबंधी प्रस्तुत आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने शिविर में पहुंचे हुए आमनागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनकी शिकायतों , समस्याओं व मांगों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण किए गए आवेदनों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने शिविर निरीक्षण के दौरान कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 के समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, उन्होने कहा कि 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक पहले चरण का सुशासन तिहार प्रारंभ किया गया, उन्होने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिक परिषद, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के विभिन्न स्थानों में सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है, शिविर में कितना आवेदन प्राप्त आया एवं कितने आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन जैसे राशन कार्ड, पट्टा, सड़क, नाली, सड़क रोशनी, पेयजल, साफ–सफाई, विभिन्न पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि नामांतरण, सीमांकन आदि से संबंधित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, निदान होने वाले आवेदनों को

तत्काल निराकरण किया जा रहा है तथा शेष बचे आवेदनों को संबंधित विभाग से संमन्वय बनाकर उनका सतुष्टिपूर्ण निराकरण जा रहा है।

सुशासन तिहार 2025 के समाधान शिविरों का आयोजन कर निराकरण किए गए आवेदनों का प्रभारी आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने वाचन कर निराकरण कार्यवाही की जानकारी आवेदनकर्ताओं को प्रदान की गई। इस मौके पर उन्होने विभिन्न हितग्राहियों को राशन कार्डो, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, वोटर आईडी का वितरण भी किया।

इस अवसर पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर ने सुशासन तिहार समाधान शिविर के दौरान मंच में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सुशासन तिहार की जो कार्ययोजना बनाई गई है, सुशासन तिहार में विभिन्न प्रकार की मांगों एवं शिकायतों से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए है, इसमें मुख्यतः पानी, बिजली, सड़क, नाली, सड़क रोशनी, पेयजल, साफ–सफाई से संबंधित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की मांगे हैं, जिसे निराकरण किया जाना नितांत आवश्यक है, जिनका निराकरण कर आमजन को लाभ पहुंचाने के लिए इस पर त्वरित रूप से कार्यवाही किया जा रहा है, सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी सुशासन तिहार के प्रकरणों के निराकरण कराए जाने हेतु लगे हुए हैं, उन सभी का मैं आभार व्यक्त करता हूॅं।

इस अवसर पर निगम के पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, रामकुमार साहू, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, उप जोन प्रभारी अविनाश जायसवाल, सुनील तांडे, सुशील तिवारी, सोमनाथ डेहरे, प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, सुशील गर्ग, श्री मण्डावी, योगेश मिश्रा, विजय गुप्ता, श्री राजवाड़े, श्री यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व नागरिकगण उपस्थित थे।